ट्रेकिंग नम्बर : 10156014

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर–15)

क्रमांकः एफ–13 ( ) उपा.आयो–II/ननिज/2023/37 दिनांकः 8/5/23

आदेश

विषयः– **भूखण्ड संख्या 52, रूप नगर प्रथम (दी राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने एवं पट्टा सरेण्डर नहीं करने पर मूल पट्टा निरस्त करने बाबत्।**

श्री गोपाल सिंह गुर्जर पुत्र श्री नारायण गुर्जर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भू.सं. 52 (पूर्वी भाग), रूप नगर प्रथम (दी राजहंस गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड), जयपुर क्षेत्रफल 105.29 वर्गगज का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहने हेतु नगर निगम ग्रेटर, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मूल आवंटी श्रीमती भौरी देवी पत्नी श्री नारायण गुर्जर द्वारा दिनांक 12.07.2019 को उक्त भूखण्ड का पूर्वी भाग का क्षेत्रफल 109.29 वर्गगज श्री गोपाल सिंह गुर्जर एवं पश्चिमी भाग क्षेत्रफल 109.29 व.ग. श्री राजू लाल गुर्जर के पक्ष में वसीयत की गई। मूल आंवटी की दिनांक 27.09.2020 को मृत्यु हो गई।

वर्तमान में आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के पूर्वी भाग का लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा चाहा गया है। नियमानुसार आवेदक को आवेदित भूखण्ड का मूल पट्टा कार्यालय में सरेण्डर करवाना होता है। आवेदक द्वारा अवगत कराया गया है कि मूल पट्टा श्री राजू लाल गुर्जर पुत्र श्री नारायण गुर्जर के अधिकार/कब्जे में है। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1998 दिनांक 30.01.2023 एवं अन्तिम स्मरण पत्र क्रमांक 2054 दिनांक 17.02.2023 द्वारा मूल पट्टा निगम में जमा कराने व आप भी चाहे तो फ्री होल्ड पट्टा प्राप्त करने बाबत् सूचित किया गया, लेकिन श्री राजू लाल गुर्जर पुत्र श्री नारायण गुर्जर द्वारा उक्त भूखण्ड का मूल पट्टा आज दिनांक तक इस कार्यालय मे सरेण्डर नहीं करवाया गया है।

प्रशासन शहरो के संग अभियान जारी गाईड लाईन दिनांक 21.04.2022 के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार मूल पट्टेधारी को नोटिस देने पर व पट्टा जमा नहीं करवाने पर श्रीमती भौरी देवी पत्नी श्री नारायण गुर्जर के नाम से जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा दिनांक 23.06.2001 को जारी पट्टा नियमानुसार नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा निरस्त किया जाकर आवेदक के पक्ष मे नियमानुसार लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जा रहा है। मूल पट्टा अब शुन्य हो गया है। सूचित रहे।

–sd–
उपायुक्त (आयोजना–द्वितीय)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

प्रतिलिपिः–

1. श्री राजू लाल गुर्जर पुत्र श्री नारायण गुर्जर पता 24, कैलाशपुरी, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर को सूचनार्थ।
2. श्री गोपाल सिंह गुर्जर पुत्र श्री श्रीनारायण गुर्जर पता 03, कैलाशपुरी, मोतीडूंगरी रोड, जयपुर को सूचनार्थ।
3. ओसवाल डाटा प्रोसेसर, नगर निगम, जयपुर

उपायुक्त (राजस्व–द्वितीय)
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर